卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 306 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦17 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# डॉक्टर हड़ताल पर, मरीज परेशान

## कोलकाता काण्ड के खिलाफ प्रदेश भर में चौबीस घंटे की हड़ताल पर गये निजी और सरकारी चिकित्सक

देहरादून/रूद्रपुर/हल्द्वानी/गदरपुर/किच्छा/ सितारगंज(उद ब्यूरो)। कोलकाता में रेजिडेंट महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या के विरोध में प्रदेशभर के डॉक्टर 24 घंटे कार्य बहिष्कार पर चले गये। इससे अस्पतालों में ओपीडी की सेवाएं ठप हो गयी। हालांकि इमरजेंसी, पोस्टमार्टम व वीआईपी ड्यूटी के लिए डॉक्टरों की सेवाएं यथावत हैं। डॉक्टरों ने जगह जगह विरोध प्रदर्शन किये। प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे तक 24 घंटे का कार्य बहिष्कार किया जाएगा। सभी अस्पतालों के डॉक्टर ओपीडी और सर्जरी





नहीं करेंगे। पूर्व की भांति इमरजेंसी सेवाएं चलती रहेगी। संघ ने सीएम को ज्ञापन भी प्रेषित किया। जिसमें सरकार के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी से हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश के जिला, उप जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ चौबीस घंटे सेवाएं देते हैं। लेकिन, रात्रि ड्यूटी के दौरान महिला डॉक्टर और नर्सों की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय नहीं है। अस्पतालों में ड्यूटी रूम तक नहीं है। वहीं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने भी हड़ताल का समर्थन किया। सभी फार्मासिस्ट भी काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।**रूद्रपुर–** कोलकाता में नर्स से रेप व हत्या के मामले में दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर सरकारी व निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने प्रात: 6 बजे से चौबीस घंटे का ओपीडी कार्य बहिष्कार शुरू किया। जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों व अन्य स्टॉफ ने नारेबाजी कर घटना का विरोध करते हुए जुलूस भी निकाला जो चिकित्सालय से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग से होकर गुजरता हुआ गांधी पार्क पहुचा। जहां से वापस जिला चिकित्सालय वापस लौटा। इस दौरान डा. नागेन्द्र चौहान, डा. उदय शंकर, डा. गगनदीप मिश्रा, डा. आरडी भट्ट, डा. (शेष पृष्ठ सात पर)









## साढ़े चार करोड़ की स्मैक सहित दो तस्कर दबोचे

खटीमा(उद संवाददाता)। नशे के सौदागरों के खिलाफ एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 करोड़ 50 लाख रूपये की स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से तमंचा और 6 जिंदा कारतूस भी बरामद किये हैं। एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स, कुमाऊं यूनिट की उत्तराखंड राज्य में स्मैक बरामदगी की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल के निर्देश पर उत्तराखण्ड एसटीएफ की एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने खटीमा क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए चकरपुर बनमंडी महादेव मंदिर के पास से हरविंदर सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी शक्तिफार्म, सितारगंज, जसंदीप सिंह पुत्र सुरेंद्र पाल सिंह निवासी जनता फार्म गौरी खेरा, सितारगंज को 1 किलो 527 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि बरामद की गयी स्मैक को वह उत्तर प्रदेश के मीरगंज से बबलू नामक व्यक्ति से लेकर आया था। जिसको नेपाल में किसी लाला को बेचने जा रहे थे। एनटीएफ टीम ने पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स तस्करों के नाम की जानकारी हुई है जिन पर अलग से कार्यवाही की जायेगी। तस्करी के धन्धे में लिप्त् अभियुक्तगण विगत 2 सालों से मीरगंज से स्मैक लाकर नेपाल में अपने फिक्स एजेण्टों को सप्लाई कर रहे थे । तस्करों के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और छह जिंदा कारतूस (शेष पृष्ठ सात पर)



## रोडवेज के एजीएम रिश्वत लेते गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी विजिलेंस की टीम ने भ्रष्टाचार के मामले में एक बार फिर से सफलता हासिल करते हुए रोडवेज काशीपुर डिपो के सहायक महाप्रबन्धक, अनिल कुमार सैनी 9 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि 17 अगस्त को पुलिस उपाधीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान, सेक्टर हल्द्वानी अनिल सिंह मनराल के पर्यवेक्षण में तथा निरीक्षक हेम चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में विजिलेंस टीम द्वारा एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर काशीपुर डिपो के सहायक महाप्रबन्धक, अनिल कुमार सैनी को शिकायतकर्ता से 9 हजार रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान में शिकायत की थी कि उसकी तीन



अनुबन्धित बसों के सुचारू रूप से संचालन के लिये उससे तीन हजार रूपये प्रति बस के हिसाब से रिश्वत की मांग की जा रही है। वह रिश्वत नहीं देना चाहता है। उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही चाहता है। उक्त शिकायत पर पुलिस उपाधीक्षक अनिल सिंह मनराल द्वारा शिकायतकर्ता के शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच कराने पर तथ्य सही पाये जाने पर नियमानुसार ट्रैप टीम का गठन किया गया। शिकायतकर्ता से रिश्वत लेने पर ट्रैप टीम द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।

–संपर्क करें–

8433432291

# ‘पत्रकारिता’ पर ‘खाकी’ का आपातकाल!

## अब किसी को कहीं का पता बताने के लिए खाकी की अनुमति जरूरी ? शहर कोतवाल ने दंपति को साइबर क्राइम शाखा का पता बताने पर पत्रकार से किया दुर्व्यवहार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी जहां पत्रकारों के लिए एक के बाद एक नई–नई सहूलियतों का ऐलान कर रहे हैं, वहीं मुख्यमंत्री की मंशा के ऐन उलट मित्रता, सेवा एवं सुरक्षा के अपने सूत्र वाक्य पर कालिख पोतते हुए उधम सिंह नगर पुलिस, पत्रकारों के साथ आए दिन न केवल जमकर दुर्व्यवहार कर रही है, बल्कि वर्दी की हनक दिखाते हुए पत्रकारों को देख लेने की धमकी भी दे रही है। अब मुख्यमंत्री की मंशा के ऐन उलट आचरण करके उधम सिंह नगर पुलिस लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को आहत करने पर क्यों आमादा है ? यह तो मित्र पुलिस और उसके आला अधिकारी ही जानें, लेकिन हम पाठकों के समक्ष यह बात अवश्य स्पष्ट करना चाहेंगे कि इन दिनों पत्रकारिता के पेशे पर खाकी के आपातकाल का कहर कुछ इस कदर टूट रहा है, कि पत्रकारों को रुद्रपुर कोतवाली के आसपास समाचार संकलन तो क्या कोतवाली में तहरीर देने जाने वाले फरियादियों से बात करने में भी डर लगता है ।पत्रकारों को हर वक्त इस बात का खटका लगा रहता है कि न जाने किस ओर से शहर के कोतवाल आ जाएं और उन्हें पत्रकारों की जाने कौन सी बात नागवार गुजर जाए ? और वे पत्रकारों को सबक सिखाने पर आमादा हो जाएं । वैसे



हम अपने पाठकों को बता दें कि रुद्रपुर कोतवाली के प्रभारी अधिकारी गण हमारे खोजी पत्रकार दीपक शर्मा पर कुछ ज्यादा ही मेहरबान रहते हैं। बीते 15 अगस्त को तीसरा मौका था,जब शहर के कोतवाल की नजरें इनायत दर्पण के पत्रकार पर हो गई। पत्रकार दीपक शर्मा का कुसूरसिर्फ यह था, कि वह अपनी फरियाद लेकर कोतवाली आये किसी दंपति को केवल यह बता रहे थे कि साइबर क्राइम की शाखा एसएसपी ऑफिस में है। इतने में ही कहीं से कोतवाल साहब आ गए और पत्रकार को दंपति से बात करते देख उनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने आव देखा न ताव, बस लग गए पत्रकार को सबक सिखाने। कहने लगे, कि तूने सबको पता बताने का ठेका ले रखा है ? बुला! मीडिया वालों को बुला! मैं सबको देख लूंगा। है ना मजे की बात, कि कोई आदमी कोतवाली ऑफिस के बाहर कोतवाल की मर्जी के बिना किसी को कहीं का पता भी नहीं बता सकता। उसके लिए भी हुजूर की परमिशन जरूरी है। यही है वर्दी की हनक, पावर की अंधेरगर्दी और खाकी का आपातकाल। अक्सर, पत्रकार मित्र पुलिस के बनाए गए नियमों के अधीन रहकर विभिन्न थाना, कोतवाली अथवा एसएसपी ऑफिस में समाचार संकलन करते हैं और कुछ करनी करतूत ना होते हुए भी पुलिस प्रशासन की वाहवाही करते हैं, बावजूद इसके हुजूर! चाहते हैं कि सारे पत्रकार उनके पालतू बन जाएं और वहीं लिखें (शेष पृष्ठ सात पर)

# 12 परीक्षा केन्द्रों पर होगी सहायक अध्यापक परीक्षा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट गौरव पांडे की अध्यक्षता में उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा 18 अगस्त को आयोजित होने वाली सहायक अध्यापक (एल.टी.) की परीक्षा को सफलतापूर्वक कराये जाने के लिए बैठक हुई। प्रभारी अधिकारी पांडे ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा हेतु अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में 12 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है जिनके लिए 4 सैक्टर मजिस्ट्रेट जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अभिहीत अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, व जिला उद्यान अधिकारी को सैक्टर मजिस्ट्रेट व जिला कृषि अधिकारी व जिला युवा कल्याण अधिकारी को आरक्षित सैक्टर मजि0 बनाया गया है। प्रभारी अधिकारी ने सेक्टर मजि0, केन्द्र व्यस्थापक व पर्यवेक्षक के कार्यों व दायित्वों की जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षा को सफलतापूर्वक कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा स्थल पर रहने वाले इनविजिलेटर्स से यह लिखित में अवश्य ले लें कि उनका कोई परिचित इस परीक्षा में भाग नहीं ले रहा है तभी उन्हें नियुक्त किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार से परीक्षा की शुचिता भंग न हो। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा स्कूलों/परीक्षा केन्द्रों की ट्रेनिंग कराई गई है, सभी निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 4951 परीक्षाथियों के लिए रा0बा0इ0 का0 पन्तनगर, गोविन्द विद्या मन्दिर इ0का0 रूद्रपुर, किसान इ0का0 लालपुर, आर्य कन्या इ0का0 काशीपुर बायपास रोड़ रूद्रपुर, अटल उत्कृष्ट ए एन झा रा0इ0का0 रूद्रपुर, भंजूराम अमर इ0का0 भूरारानी, रूद्रपुर, रा0बा0 इ0का0 फाजलपुर महरौला, रूद्रपुर, स0वि0म0इ0का00 आदर्श कालोनी, रूद्रपुर, कोलम्बस प0 स्कूल, रूद्रपुर, सरस्वती शि0मं0इ0का0 नैनीताल रोड़ रूद्रपुर, कृष्णा इ0का0 इंदिरा कालोनी रूद्रपुर, रूद्रपुर इंस्टी. ऑफ टेक्नोलॉजी, भगवानपुर बागवाला, रूद्रपुर कुल 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पर्यवेक्षकों परीक्षा प्रारम्भ होने से 3 घंटे पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करें। किसी भी अन्यथा के लिए पर्यवेक्षक पूर्ण उत्तरदायी होंगे। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों व उनके चारों ओर 500 मी0 की दूरी के अंदर कोई अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा, कोई व्यक्ति नकल करने व कराने में मदद नहीं करेगा, परीक्षा केन्द्रों के अन्दर पाठ्य सामग्री व किसी भी प्रकार का इलै. गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं होगी, परीक्षा केन्द्रों के अन्दर किसी भी प्रकार का प्रदर्शन नहीं करेगा न ही कोई राजकीय व सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचायेगा। उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन/अवहेलना करने वाला व्यक्ति धारा 223 (बीएनएस) के अन्तर्गत दण्डनीय होगा। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, ओसी कलै0 डॉ अमृता शर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी बी एस रावत, जिला अभिहीत अधिकारी प्रकाश चंद फुलेरा, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के प्रतिनिधि सुशील नौटियाल, मनीष कुमार सहित सभी केन्द्रों के पर्यवेक्षक व केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित थे।



# शिविर में लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

बाजपुर ( उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री जन मन कार्यक्रम के तहत रा0इ0का0 हरसान में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी द्वारा किया गया। शिविर में विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। श्री तिवारी ने बताया कि शिविर में जनमन कार्यक्रम के तहत सूचीबद्ध 22 योजनाओं व अन्य विभागीय योजनाओं से आम जनमानस को लाभान्वित किया गया। उन्होने बताया कि शिविर में 20 शिकायत/मांग पत्र स्थानीय निवासियों द्वारा दर्ज करायी गयी। शिविर में 25 विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, खण्ड विकास अधिकारी कुन्दन सिंह बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि कमल भट्ट, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार, महेन्द्र, ग्राम प्रधान सोनम कौर, सदस्य क्षेत्र पंचायत बवीता कोरंगा आदि मौजूद थे।



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# कसौधन वैश्य महिला समिति ने धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कसौधन वैश्य महिला समिति द्वारा अपना प्रथम तीज महोत्सव व 78वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। समिति की अध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा गुप्ता, महामंत्री सपना गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिल्पी गुप्ता ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश भगवान और कसौधन समाज के प्रवर्तक श्री कश्यप महाराज जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। मंच संचालन शिवानी गुप्ता ने किया। महोत्सव मे महिलाओं और बच्चों की डांस प्रतियोगिता, बच्चों की फैंसी ड्रेस का प्रतियोगिता, डांडिया प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर तीन महिलाओं को मोस्ट टैलेंटेड महिला, बेस्ट ब्यूटी क्वीन महिला, और बेस्ट ऑलराउंडर महिला का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम मे कसौधन वैश्य सभा के सभी परिवारों ने खूब आनंद लिया।कार्यक्रम में कसौधन वैश्य महासभा के राष्ट्रीय प्रभारी मोहन लाल गुप्ता, कसौधन वैश्य सभा हल्द्वानी के वरिष्ठ अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, वशिष्ठ महामंत्री उदय कसौधन गुप्ता, कसौधन वैश्य महिला की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पूनम गुप्ता, वैश्य महिला सभा हल्द्वानी की अध्यक्ष श्रीमती मंजू वार्ष्णेय, महामंत्री श्रीमती स्नेहलता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोरमा खंडेलवाल, नैब गोलापार की अध्यक्ष सविता लाहोटी, अनमोल फॉउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती सुचित्रा जायसवाल, विभा आनन्द, सक्षम जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता के अलावा अन्य घटक दलों से भी महिला अध्यक्ष, महिला महामंत्री अंजुला गुप्ता, शिवमती साहू ने प्रोग्राम मे अपनी उपस्तिथि दी। सभी उपस्तिथ महिलाओं और अतिथियों ने कार्यक्रम को बहुत सराहनीय कार्यक्रम बताया और कहा ऐसे संस्कृतिक प्रोग्राम के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से अवगत करते रहना चाहिए। कार्य्रक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अन्नपुर्णा गुप्ता ने की।



# मृतक नर्स की बेटी की पढ़ाई का खर्च उठाएगा व्यापार मंडल

## व्यापार मण्डल पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

गदरपुर (उद संवाददाता) रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में नर्स का कार्य कर रही महिला की हत्या के बाद उसकी इकलौती बेटी जिया मलिक की पढ़ाई का खर्चा गदरपुर व्यापार मंडल ने उठाने की बात कही है। बता दें कि मृतका तसलीम जहां बेहद गरीब परिवार से थी तस्लीम जहां के पिता नफीस गदरपुर थाने के पास एक चाय का खोखा चलाते हैं जिनका एक पुत्र और सात पुत्रियां है। तीन बेटियों की नफीस ने शादी कर दी है जिसमें बड़ी बेटी तस्लीम जहां की बीते दिनों हत्या हो गई है। अब तस्लीम जहां की इकलौती बेटी जिया मलिक की आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई बाधित होने की संभावना थी जिसको संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार शाम को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने अपनी टीम के महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए मृतक तस्लीम जहां की बेटी जिया मलिक के लिए कक्षा आठवीं तक की पढ़ाई के पूरे खर्च उठाने की बात कही। दीपक बहेड़ ने बताया कि नगर के एस एस पब्लिक स्कूल के प्रबंधन से बात करते हुए मंगलवार को एडमिशन करवाया जाएगा। दीपक बेहड़ ने बताया कि परिजनों का कहना था कि जिया मलिक जिस स्कूल में पहले पढ़ती थी स्कूल का की कुछ फीस बकाया है जिसके चलते वह स्कूल वाले टीसी देने में आनाकानी कर रहे हैं। दीपक बेहड़ ने स्कूल स्वामी को फोन पर अनुरोध करते हुए कहा कि बच्ची की माता अब इस दुनिया में नहीं रही है। गदरपुर से हम लोग इस बच्ची की पढ़ाई का जिम्मा ले रहे हैं। जिस पर रुद्रपुर स्कूल संचालक ने टीसी देने का आश्वासन दिया। वार्ड के समाज सेवी सलीम बाबा और साकिर अली ने कहा कि व्यापार मंडल द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया है अब बच्ची अच्छे स्कूल में शिक्षा लेकर पढ़ेगी इन्होंने व्यापार मंडल का आभार व्यक्त किया



# लोगों की नहीं भगवान क्या कहेंगे इसकी चिंता करें: शास्त्री

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 27वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि भगवान जिसका आदर नहीं करें उसका जीवन व्यर्थ है, जीव मात्र मान का भूखा है जगत की बातों पर ध्यान ना दो,कोई प्रशंसा करेगा तो सदभाव जागेगा और कटु बोलेगा तो कुभाव, सो लोगों के कहने की चिंता छोड़ कर भगवान क्या कहेंगे इसकी चिंता करते रहो। प्रसाद की व्यवस्थ दीपचंद जोशी एवं रामचंद्र गुप्ता के परिवार द्वारा की गयी।



# चोरों ने कपड़े की दुकान से लाखों की नगदी उड़ाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने नैनीताल रोड स्थित प्रतिष्ठित कपड़े की दुकान श्हीर द होलसेलश में 15 अगस्त की रात एक सनसनीखेज चोरी की घटना को अंजाम देते हुए दुकान से लाखों की नगदी चोरी कर ली। चोर ने दुकान में घुसने से पहले दुकान में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की तारें काट दीं जिससे उसकी पहचान न हो सके। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया और दुकान स्वामी से आवश्यक जानकारी ली। बताया जाता है कि 15 अगस्त की रात करीब 11:50 बजे हुई चोरी की इस वारदात को अंजाम देने चोर दुकान में दाखिल हुआ और गल्ले से लगभग 1. 5 लाख रुपये की नकदी निकालकर फरार हो गया। सूत्रों के अनुसार, चोर दुकान में करीब 10 मिनिट तक रहा। इस दौरान उसने पूरी दुकान को खंगाला। चोरी के बाद, वह लगभग 1 बजे मौके से भाग निकला। दुकान के मालिक ने सुबह दुकान खोली तो सारा सामान अस्त व्यस्त देखा और सीसीटीवी की तारें भी कटी थीं।उसने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्र में लगे अन्य सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का मानना है कि यह चोरी पूरी तैयारी के साथ की गई है। क्योंकि चोर ने पहले ही सुरक्षा उपकरणों को निष्क्रिय कर दिया था।स्थानीय व्यापारियों में इस घटना से भय का माहौल है, और वे सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने की मांग कर रहे हैं।



# पेयजल निगम के अर्चित पाठक उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुए सम्मानित

रूद्रपुर। उत्तराखण्ड पेयजल निगम उधम सिंह नगर में तैनात प्रधान सहायक अर्चित पाठक को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उत्तराखण्ड पेयजल निगम की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। बता दें अर्चित पाठक कई वर्षों से पेयजल निगम की उधम सिंह नगर इकाई में प्रधान सहायक पद पर कार्यरत है। श्री पाठक को यह सम्मान उनके द्वारा निर्माण इकाई उत्तराखण्ड पेयजल निगम उधम सिंह नगर में वर्ष 2023-24 में अपने पद के कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठा पूर्वक संपादन करते हुए निगम के हित में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम देहरादून के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह चौहान की ओर से दिये गये प्रशस्ति पत्र में रणवीर सिंह चौहान ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री पाठक को यह सम्मान मिलने पर निगम में कार्यरत तमाम कर्मचारियों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। श्री पाठक ने सम्मान मिलने पर विभाग के समस्त उच्चाधिकारियों व सहकर्मियों का आभार व्यक्त किया।

# पूर्ति विभाग कार्यालय ऑनलाइन हुए राशनकार्डों की रद्दी से पटा

## 54 हजार राशनकार्डों के फॉर्म बिडिंग नष्ट करने को किया पत्राचार

सितारगंज (उद संवाददाता)। ब्लॉक क्षेत्र के करीब 54 हजार राशन कार्ड पूर्ति विभाग ने ऑनलाइन कर दिए है। इनमें राशनकार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्रों की फोटो स्टेट सम्मिलित है। इसके अलावा बच्चों के नाम चढ़ने और उपभोक्ताओं की मृत्यु से संबंधित फार्म का भी ढेर लगा हुआ है। जिस वजह से पूर्ति विभाग कार्यालय का अधिकाश हिस्सा पट गया है। पूर्ति विभाग के अफसरों ने उच्चाधिकारियों से शुद्धिकरण किया जा चुके राशन कार्ड की बीडिंग नष्ट करने के लिए डीएसओ को पत्राचार किया है। डीएसओ ने डीएम के आदेश पर कमेटी गठित कर कारवाई का आश्वासन दिया है। नवनिर्मित एसडीएम, तहसील कार्यालय का जेल कैंप रोड में निर्माण हुआ है। नए कार्यालय में पूर्ति विभाग कार्यालय संचालित हो रहा है। जबकि इससे पहले कृषि उत्पादन मंडी समिति में पूर्ति विभाग का कार्यालय था। पूर्ति विभाग कार्यालय से सितारगंज, नानकमत्ता और शक्तिफार्म के राशन उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। जिनकी करीब 54000 संख्या है। पूर्व में समस्त राशन कार्ड उपभोक्ताओं को ऑनलाइन कर शुद्धिकरण किया गया। ऑनलाइन प्रक्रिया में 54 हजार राशन उपभोक्ताओं के फार्म, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि दस्तावेज जमा कराए गए थे। इन दस्तावेजों की बिडिंग काफी संख्या में जमा हो गई है। राशन कार्ड अपडेट की प्रक्रिया के अलावा नए राशन उपभोक्ताओं का नाम अंकित करने मृत्यु संबंधित फार्म की कार्यालय में भरमार है। पूर्ति विभाग के अफसर ने रद्दी की भरमार होने के कारण किराए पर कमरा लेकर उपभोक्ताओं के दस्तावेज सुरक्षित रखे हैं। अब विभागीय अधिकारियों ने शुद्धिकरण किए गए ऑनलाइन राशन कार्डों के फॉर्म, अभिलेखों की फाइलों को नष्ट करने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी से पत्राचार किया। पूर्ति निरीक्षक केके बिष्ट ने बताया कि ऑनलाइन किए गए राशन कार्ड की बीडिंग फार्म, अभिलेख नष्ट करने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि ऑनलाइन किए गए राशन कार्ड की रद्दी को डीएम की अनुमति के बाद कमेटी गठित कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।




## प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मंदिर से दान पात्र चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करतारपुर रोड सुआ नगला स्थित प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मंदिर से अज्ञात चोरों ने दानपात्र चोरी कर लिया। चोरी की घटना की फुटेज सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हुयी है। मामले की तहरीर पुलिस को दी गयी है। प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनीष बावा ने पुलिस चौकी को दी तहरीर में बताया कि 14 अगस्त की सुबह समय लगभग 3:50 बजे करतारपुर रोड स्थित प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मन्दिर के प्रांगण के अंदर लगे दान पात्र को एक युवक द्वारा चोरी कर लिया गया । घटना मन्दिर के अंदर लगे सी. सी. टीवी कैमरे में कैद हो गई है। बता दे कि प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मन्दिर हजारों लोगों की आस्था का केन्द्र है । मन्दिर से दानपात्र चोरी की घटना से कमेटी के साथ ही श्रद्धालुओं में भी आक्रोश है।

## विद्यालय के गेट पर छात्र पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर । जनता इंटर कॉलेज के गेट पर आपस में झगड़ा कर रहे कुछ युवकों ने विद्यालय से बाहर निकल रहे छात्र पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। भूपेंद्र भारती पुत्र रामकरण भारती निवासी नई बस्ती खेड़ा ने बताया कि 15 अगस्त को प्रात: 11.30 बजे उसका पुत्र अमन भारती जो जनता इंटर कॉलेज में कक्षा 12 में पड़ता है विद्यालय से निकल रहा था। उस समय विद्यालय के गेट पर जनता इंटर कॉलेज के छात्रों के दो गुटो के मध्य झगड़ा चल रहा था। उक्त छात्र अपने साथ डंडे , ब्लेड , चाकू आदि लेकर झगड़ा कर रहे थे उनमें से तीन चार लडको ने उसके पुत्र को ईट मार दी जिससे उसका माथा फट गया तथा नाक पर भी चोट आई है। पुत्र का मित्र आशु कोली उसको बचाने गया तो उक्त लडको ने आशु कोली के हाथ पर ब्लेड से हमला कर उससे घायल कर दिया भीड़ इक्कठा होने पर उक्त लड़के पुत्र को जान से मारने की धमकी देते हुए वहा से भाग खड़े हुए। उक्त घटना विद्यालय गेट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई है। घायल पुत्र अमन को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।





## श्याम कीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 29 की सुभाष कॉलोनी श्याम मित्र मंडल कमेटी द्वारा आयोजित श्री श्याम वंदना महोत्सव कीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने ज्योत जलाकर शुभारम्भ किया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मत्था टेका एवं श्याम बाबा के भजन गायकों ने पूरी रात भजनों से श्री श्याम कीर्तन का गुणगान कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कीर्तन का शुभारम्भ अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। धार्मिक आयोजन आपसी सदभाव बढ़ाने के साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। श्री ठुकराल ने कहा आप पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से दूर होती जा रही है। अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आज युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक आयोजना से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही ऐसे आयोजनों से आसुरी शक्तियों का भी नाश होता है। इस अवसर पर आयोजक कमेटी ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल मोहित यादव गगन ग्रोवर को अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान सूरज आर्य राज कोली बंटी कोली अमित कुमार आदि श्याम प्रेमी मौजूद थे।

**आवश्यकता है**

श्री वर्धमान किराना मर्चेंट गोल मार्किट रुद्रपुर में कंप्यूटर बिलिंग के लिए युवकों की।

**-संपर्क करें-**

9359927216
8057390186

## बी ह्यूमन फाउंडेशन ने वितरित की पाठ्य सामग्री

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रा दिवस के उपलक्ष्य में बी ह्यूमन फाउंडेशन द्वारा चलाये गए अभियान 'चलो पढायें , कुछ कर दिखाएं' के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालयो में पढने वाले छात्र छात्राओं को शिक्षण प्रोत्साहन हेतु लेखन पुस्तकों का वितरण किया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय- कच्ची खमरिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय- सम्पतपुर तथा मदरसा फैजुल मुस्तफा रजा पब्लिक स्कूल आदी शिक्षा संस्थानों में बालक बालिकाओं को लेखन पुस्तके वितरित की गयी । इस बार संस्था द्वारा पहली बार मदरसे में भी लेखन पुस्तकों का वितरण किया गया। जहाँ मुख्य अथिति मजहर नईम नवाब उपाध्यक्ष ,उत्तराखंड अल्प संख्यक आयोग द्वारा संस्था के कार्यो को सराहा गया तथा मुस्लिम समाज ने भी संस्था का ह्रदय से स्वागत और सम्मान किया। संस्था के अध्यक्ष गौरव तागरा ने बताया कि संस्था द्वारा चलाये गए अभियान के अन्तर्गत अब तक करीब दस हजार से अधिक लेखन पुस्तकों का वितरण संस्था द्वारा किया जा चुका है। तथा राजकीय प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र/ छात्राओं, सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के बच्चे ,गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के बच्चो को शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है । कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा अध्यापक अध्यापिकाए उपस्थित रहे तथा उनके द्वारा संस्था के इन कार्यो को सराहा गया संस्था के पदाधिकारी अनमोल विर्क , सचिन तनेजा , रविंदर शर्मा ,रितेश अदलखा तथा सदस्य सोनू कपूर , हेमंत चिलाना ,सोनू पाहुजा ,प्रशान्त शाही , अमन अरोरा आदि सदस्य उपस्थित रहे।



## वाजपेयी की पुण्य तिथि पर पौधे वितरित

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि के अवसर पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया एवं उनकी याद में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में शहीद स्थल के बाहर लोगो को पौधे वितरण किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहीद स्थल पर शहीदों की प्रतिमाओं की साफ सफाई भी की एवं शहीदों को भी नमन किया। पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई भारतीय जनता पार्टी के मजबूत आधार स्तंभ रहे हैं देश के प्रधानमंत्री रहते परमाणु परीक्षण कर भारत को विश्व में पहचान दिलाने एवं विश्व पटल पर हिंदुस्तान की मजबूत छवि बनाने का श्रेय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी को जाता है। उनको याद करते हुए आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शहर में पौधे वितरण का कार्य भी कर रहे हैं।कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, किशन सिंह किन्ना, भुवन भट्ट, राहुल सक्सेना, भास्कर जोशी, राजेश बठला, दीपेश तिवारी, विश्वनाथ यादव, मनीष अंसारी, अनमोल सोनकर, मनीष राणा, कस्तूरबानंद जोशी, मेहताब राजा, कमल चौहान, नीलू गुप्ता, सुरेश जीना, सतीश भट्ट, मेहताब राजा, शशांक वर्मा, करण यादव, सचिन रस्तोगी, नवल वाल्मीकि, कमल चौहान, बबलू ,विजय सागर, रमेश ढींगरा ,विजय गुप्ता, शोभित तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जन्म भूमि स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूदपुर( उद संवाददाता)। जन्मभूमि इंटर कॉलेज ट्रांजिट कैंप में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी स इससे पूर्व जन्म भूमि इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मुख्य द्वार पर मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा सहित अन्य अतिथियों का तिलक कर एवं बैच लगाकर स्वागत किया, बाद में बैंड की धुन पर मुख्य अतिथि को मंच तक लाया गया, जहां श्रीमती शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि हम सभी को मिलजुल कर देश के नव निर्माण में आगे आना चाहिए, उन्होंने कहा कि हमारा देश कौमी एकता का गुलदस्ता है,और हमें देश की सांप्रदायिक सद्भावना को मजबूत बनाते हुए देश को समृद्धशाली,बनाना चाहिए, और विकास की ऊंचाइयों पर ले जाने में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर डॉक्टर सुमित राय, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा, सुशील गाबा, यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा,पार्षद प्रीति साना, श्रीमती नेहा राय,रुद्रपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे निगम पार्षद मोनू निषाद, सौरभ राज बेहड़,सोफिया नाज,ममता रानी, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव सपना गिल, ममता शर्मा, रविंद्र गुप्ता, अनिल शर्मा, दिनेश मौर्य, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, सुदर्शन शर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



## डीसी गुरुरानी को मिला उत्कृष्ट सेवा सम्मान

किच्छा( उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी दिनेश चंद्र गुरुरानी को उनकी सराहनीय सेवा के लिए उत्कृष्ट सेवा सम्मान से पुरस्कृत किया गया है। एसडीओ दिनेश चंद्र गुरूरानी अपनी सराहनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2016 से विभिन्न अवसरों पर एक शासन व पांच प्रदेश स्तरीय समेत नौ उत्कृष्ट सम्मान प्राप्त कर चुके है। इस वर्ष 15 अगस्त के अवसर पर गुरुरानी को अधिशासी अभियंता संजय कुमार तिवारी ने उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। गुरुरानी के सम्मानित होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशीजताई है। दिनेश चंद्र गुरुरानी की वर्ष 2021 में किच्छा उपखंड कार्यालय में एसडीओं के पद तैनाती हुई थी। तब से लगातार वह अपनी प्रशंसनीय सेवाए दे रहे है। गुरुरानी ने बिजली के करंट से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किच्छा क्षेत्र में 16 किमी, पंतनगर में 20 किमी और लालपुर क्षेत्र 25 किमी खुली एलटी तारों को बंद एबी केबिल में परिवर्तित किया है। जिससे एक ओर बिजली चोरी व दूसरी ओर खुले तारों में प्रवाहित होने वाले करंट से होने वाली दुर्घटनाओं में काफी हद तक विराम लगा है। गुरुरानी ने बाजार व सड़क किनारे खुले में रखे 50 ट्रांसफार्मरों को लोहे की बांउड्री से सुरक्षित करने का कार्य किया। जिसके कारण ट्रांसफार्मर के करंट की चपेट में आने से होने वाली दुर्घटनाएं समाप्त हो गयी है। भविष्य में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने किच्छा से लालपुर तक 33 केवी तारो को बदलने का प्रस्ताव भेजा गया है। जिसपर शीघ्र कार्य शुरू किया जाएगा। बिजली घर में पोषकों को बदलने व 25, 63, 100 और 250 केवीए के ओवरलोडेड ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने ग्यारह हजार की इलेवन केवी लाइन के खुले तारों को इंसुलेटेड करने का प्रस्ताव भेजा है। जिससे बार बार होने वाले ब्रेक डाउन से राहत मिलेगी। डीसी गुरुरानी की बेहतर जनसुनवाई व कार्यशैली के लिए व्यापारियों और और वेश्य महासभा ने भी उन्हें सम्मानित किया है।



# कोतवाल के खिलाफ पत्रकार मुखर, सीएम को भेजा ज्ञापन



रुद्रपुर (उद संवाददाता)।कोतवाली में कवरेज करने गए पत्रकार दीपक शर्मा के साथ कोतवाल द्वारा की गई अभद्रता के खिलाफ पत्रकारों ने एडीएम अशोक कुमार जोशी के माध्यम से सीएम को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को दर्जनों पत्रकार कलेक्ट्रेट पहुंचे उन्होंने पत्रकार के साथ हुई अभद्रता पर रोष व्यक्त करते हुए एडीएम प्रशासन के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा कि जिला मुख्यालय पर पिछले कुछ समय से पत्रकार उत्पीड़न की घटनायें लगातार बढ़ रही है। पुलिस पत्रकारों के साथ आये दिन दुर्व्यवहार कर रही है। ताजा प्रकरण रूद्रपुर कोतवाली का है। पत्रकार दीपक शर्मा रोजाना की तरह 15 अगस्त 2024 को भी कवरेज के लिए रूद्रपुर कोतवाली गये थे। इसी बीच कोतवाली परिसर में एक संपत्ति दीपक शर्मा से साईबर क्राइम ऑफिस का पता पूछने लगे। दीपक ने उन्हें साईबर क्राइम ऑफिस के बारे में जानकारी ती कि उक्त कार्यालय एसएसपी कार्यालय परिसर में है। इसके बाद दंपत्ति पूछने लगे कि एसएसपी कार्यालय कहां पर है जब दीपक शर्मा उन्हें एसएसपी कार्यालय का पता बता रहे थे तभी कोतवाल मनोहर दसौनी अपने सरकारी वाहन से वहां पहुंच गये और दीपक शर्मा पर भड़क गये और दीपक शर्मा के साथ अभद्रता करने लगे। कोतवाल दीपक शर्मा से चिल्लाते हुए पूछने लगे कि तुमने क्या पता बताने का ठेका ले रखा है। इसके साथ ही कोतवाल मनोहर दसौनी दीपक शर्मा को बुरी तरह से धमकाने लगे और कहने लगे कि तुम सारी मीडिया को बुला लो तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। पूरी घटना कोतवाली में लगे कैमरों में भी कैद हुयी है। ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व में भी कोतवाली में दीपक शर्मा के साथ अभद्रता की जा चुकी है। संदेह जताया गया है कि पुलिस दीपक शर्मा को किसी झूठे मामले में फंसा सकती है। पत्रकारों ने सीएम से रूद्रपुर कोतवाल को तत्काल यहां से हटाया हटाने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि कोतवाल लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं, इस तरह की हरकत बर्दाश्त नहीं की जायेगी। ज्ञापन देने वालों में प्रमोद धींगरा,परमपाल सुखीजा,सौरभ गंगवार, रामपाल धनकर, केपी गंगवार, महेंद्र मौर्य,विजय जोशी, सूरज राजपूत,अमन सिंह,दीपक शर्मा, मुकेश गंगवार, मनीष बाबा,नरेन्द्र राठौर, जगदीश चन्द्र, हरविंदर सिंह चावला, सुरेन्द्र गिरधर,,कमल श्रीवास्तव, मनोज आर्य,जमील अहमद, राहुल देव मेहरा, ललित पाण्डेय, रामबाबू, गोपाल भारती समेत तमाम पत्रकार थे।




# वन्देमातरम ग्रुप ने 115 यूनिट रक्तदान किया



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस और वंदे मातरम ग्रुप के 8वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर वन्दे मातरम् ग्रुप हल्द्वानी द्वारा स्व. बालकिशन देवकी देवी चौरीटेबल ब्लड बैंक मुखानी में आयोजित महारक्तदान शिविर के आयोजन में 115 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया।संस्था के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह दानू ने बताया हल्द्वानी शहर में वन्देमातरम ग्रुप द्वारा स्वतंत्रता दिवस को रक्तदान उत्सव के रूप में मनाया और देश की सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वन्दे मातरम् ग्रुप के सदस्य अभिनव वार्ष्णेय, सुनील सनवाल, गौरव पांडे, नरेंद्र शाही, विशाल चौधरी, ललित परगाई, महेंद्र बिष्ट, डा. बीना थुवाल, अतिथि में डॉ मोहन सती, विधायक सुमित हृदयेश, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रताप बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, राज्य आंदोलन कारी ललित जोशी, दीपक बलुटिया, एडवोकेट गोविंद बिष्ट, योगेश जोशी, लता बोरा, कल्पना रावत ब्लड बैंक स्टाफ से प्रकाश मेहता, संजय नेगी, संजय गोस्वामी, दीपक भट्ट आदि लोग उपस्थित रहे।

# जैन ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

रूद्रपुर ।जैन ग्लोबल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय चेयरमैन पुष्कर राज जैन ,प्रबंधक नेहा जैन एवं प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता द्वारा झंडा फहरा कर किया गया। ध्वज के सम्मान में छात्रों ने राष्ट्रगान गाया। देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य एवं संगीत के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन पुष्कर राज जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए देश के स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने स्वतंत्रता के महत्व और स्वतंत्रता प्राप्ति में अपनी भूमिका का निर्वाह करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग,बलिदान,समर्पण पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता, समानता,और बंधुत्व की भावना विकसित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।





# चार अवैध कालोनियों में प्राधिकरण ने किया ध्वस्तीकरण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला के आदेश पर अनाधिकृत कालोनियों विरूद्ध की जा रही कार्रवाई के तहत प्राधिकरण ने 4 स्थानों पर लगभग 14.55 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। सचिव, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी किच्छा, तहसीलदार किच्छा, राजस्व विभाग, प्राधिकरण की टीम एवं पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए गुरूकुल स्कूल के समीप ग्राम सोनेरा तहसील किच्छा में लगभग 6.55 एकड़ भूमि पर बन रही कालोनी में अवैध निर्माण ध्वस्त किये। इसके अलावा शमशान घाट के सामने, ग्राम सोनेरा तहसील किच्छा ,निकट दरऊ चौकी, ग्राम सोनेरा तहसील किच्छा एवं ग्राम आजादनगर निकट प्राथमिक विद्यालय, किच्छा में निर्माणधीन कालोनियों में भी प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण की कार्वाई की। उपाध्यक्ष रूहेला ने बताया कि कि अनाधिकृत कालोनियों आदि के विरूद्ध भविष्य में भी कार्यवाही गतिमान रहेगी एवं आमजन, कालोनाईजरों से यह अपील की गयी कि विधिवत मानचित्र/तलपट मानचित्र स्वीकृत किये जाने के उपरान्त ही निर्माण/विकास की कार्यवाही करें।





# पुलिस ने गिरफ्तार किये चार वारंटी

गदरपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वारण्टी / वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान गदरपुर के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा ने वारण्टी साजिद पुत्र साबिर निवासी ग्राम महतोष ,ब्रिजेश कुमार पुत्र शिवनाथ निवासी ग्राम अमरपुरी , राजू मण्डल पुत्र विप्रदास निवासी मकरन्दपुर एवं महिला वारण्टी कचंन पत्नी संतोष जासवाल निवासी ग्राम प्रेमनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पवन जोशी,अपर उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल गोरखनाथ, किरण कंबोज आदि शामिल रहे।



# विजडम स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मना स्वतंत्रता दिवस



रूद्रपुर ।विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूम धाम के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंध निदेशक गोपाल सिंह पटवाल, सचिव श्रीमती सुधा पटवाल, उपप्रधानाचार्या श्रीमती साक्षी मिश्रा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।विद्यालय के कोयल समूह ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत से सभी का मन मोह लिया। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई नामक नृत्य नाटिका के जीवंत प्रदर्शन ने समस्त दर्शकों में वीरताऔर उत्साह का संचार कर दिया। ष्आजादी के मायनेष नामक नाटक ने वर्तमान समय की सामाजिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए दर्शकों को सोचने पर विवश कर दिया।लड़कियों की दृष्टि में स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थनामक कार्यक्रम ने महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाते हुए दर्शकों में एक महत्वपूर्ण सन्देश को मजबूती के साथ प्रसारित किया। पहाड़ी नृत्य की मनमोहक झलक ने संपूर्ण उत्तराखंड के सुन्दर दर्शन करा दिए।एशियन फुटसल चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता विद्यार्थी ललित जोशी को विद्यालय द्वारा 1100 रूपये की ध ाराशि तथा विद्यालय का प्रतीक चिन्ह प्रोत्साहन स्वरुप भेंट किया गया।विद्यालय के विद्यार्थी पूजा, वैष्णवी, ऋषभ, दीप्ति, आशीर्वाद, मानस, सिया के कुशल मंच संचालन ने सभी को हतप्रभ कर दिया।सचिव महोदया तथा उपप्रधानाचार्या जी ने विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जागृत करने हेतु अपने महत्वपूर्ण विचारों को साझा किया।सम्माननीय बुजुर्ग अभिभावक कौस्तुभानंद पाण्डेय ने बच्चों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह देते हुए कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने सुन्दर कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए समस्त शिक्षक /शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों को शुभकामनायें प्रेषित की तथा स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर समंवयक प्रीती नयाल, शिक्षक आयुष दत्त, अजय मिश्रा, महेंद्र कुमार भारद्वाज, शिक्षिका श्रीमती गीता अधिकारी ,श्रीमती अंजलि रावत सहित सभी शिक्षक /शिक्षिकाएं उपस्थित थे।







# पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को बांधे रक्षा सूत्र

रुद्रपुर।एकल अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 147 जगह रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। एकल अभियान से जुड़ी बहनों ने प्रदेश भर में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधे जहां अधि कारियों ने उन बहनों को रक्षा का वचन दिया। इसी के तहत रुद्रपुर में भी बहनों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, पुलिस अधिकारियों समेत सीपीयू कर्मियों व अन्य पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांध । बहनों ने कहा कि रक्षाबंधन का पावन पर्व भाई और बहन के स्नेह का प्रतीक है ।जहां बहने अपने भाइयों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं साथ ही भाइयों से यह वचन लेती हैं कि वह जीवन पर्यंत उनकी रक्षा करेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि रक्षा बंधन पर्व भाई बहन के प्रेम का प्रतीक है। धार्मिक पर्व हमें संस्कृति से जोड़ने के साथ ही आपसी सदभाव का भी संदेश देते हैं। इस दौरान स्नेह पाल, भारत भूषण चुघ, अरविंद कनौजिया ,विनय बत्रा, विजय भूषण गर्ग, गजेंद्र प्रजापति समेत तमाम लोग थे।





## इंस्पिरेशन स्कूल में इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन, चार व पाँच के विद्यार्थियों के मध्य इंग्लिश स्टोरी टेलिंग कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया। कक्षा तीन, चार व पाँच के बच्चों ने विभिन्न कहानियों का वाचन कर उसमें छिपी नैतिक शिक्षा भी बताई। जिनमें प्रमुख रूप से द सीक्रेट सक्सेस, क्लैवर रेबिट एण्ड ए फूलिश लॉयन, द फोर काऊज एण्ड ए लॉयन, ट्री अवर लाइफ आदि थी। विजेताओं का चयन कन्टेन्ट, प्रॉप्स, कान्फीडेंस, ओवर ऑल इमपेक्ट एण्ड प्रनंसिएशन के आधार पर किया गया। जिनमें कक्षा तीन में प्रभसीरत कौर, सार्थक जोशी प्रथम, लाव्यांश पाण्डे, नमन कोरंगा, रूही पुनेरा, वैष्णवी जोशी द्वितीय




तथा जयंत जोशी, नयोशा ऐठानी, जागृति जोशी, मानवी बिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चार में अनाया नावेद, पलाक्षा तिवारी, वेद पलडिया प्रथम, प्रांशुल भण्डारी, मृदुल कांडपाल, परिधि तिवारी, आनवी शुक्ला, कर्तव्य गेलाकौटी द्वितीय और सचप्रीत कौर, मौलिक भट्ट, रिद्धिमा चिनयाल, वान्या पन्त, शान्वी भाकुनी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पाँच में रितिषा सुयाल, हंसिका अधिकारी, तेजस्वी जोशी, विहान जोशी प्रथम, उदय राजवीर सिंह, एकांश साह, भूमिका द्वितीय और गर्विका जोशी, चाहत पपोला, दिव्यांश शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य अनुराग माथुर एवं उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा ने मेडल देकर विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका श्रीमती प्रियंका शर्मा एवं श्रीमती पूजा जोशी ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती उर्मिल जोशी एवं श्रीमती गुनीत कौर ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।





## लिटिल किंगडम में स्वतंत्रता दिवस की धूम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। डीडी चौक स्थित लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में 78 वें स्वतन्त्रता दिवस को बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। स्कूल के निर्देशक हरेन्द्र सिंह पुरी ने ध्वजारोहण किया गया। सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और आजादी का महत्व बताया। उन्होंने भारतवर्ष की आजादी की लड़ाई में अपना बलिदान देने वाले शहीदों को याद करते हुए विद्यार्थियों को संदेश दिया कि जीवन में सफल होने के साथ जिम्मेदार नागरिक होना आवश्यक है और हमें देश की तरक्की में अपना सकल योगदान देना चाहिए व देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना हर भारतवासी का धर्म और परम कर्तव्य है इसके साथ ही विद्यालय के प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 5 तक के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें बच्चों के द्वारा सुंदर प्रस्तुति में राजस्थानी नृत्य देशभक्ति नृत्य, समूहगान व कराटे की सुंदर प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। बच्चों की देशभक्ति को देखकर नन्हें मुन्ने बच्चों की जमकर प्रशंसा की और कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासक श्रीमती परविंदर पुरी, प्रधानाचार्या श्रीमती चरणजीत कौर, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा की।








# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जम्मू कश्मीर में चुनाव

आखिरकार जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों की तारीखें घोषित कर दी गईं। वहां दस वर्ष बाद चुनाव होने जा रहे हैं। स्वाभाविक ही, वहां के राजनीतिक दलों में उत्साह नजर आ रहा है। दरअसल, वहां चुनाव न कराए जा सकने की वजह से लंबे समय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया थम-सी गई थी। राजनीतिक गतिविधियां भी ठहरी हुई थीं। इसलिए मांग की जा रही थी कि जितना जल्दी हो सके, वहां चुनाव कराए जाएं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि तीस सितंबर तक वहां चुनाव करा लिए जाएं। अब निर्वाचन आयोग ने तीन चरण में वहां चुनाव कराने की घोषणा कर दी है। लंबे समय बाद वहां इतने कम चरण में चुनाव होंगे। हालांकि इसके साथ ही हरियाणा विधानसभा के लिए भी मतदान होंगे, जो एक ही चरण में कराए जाएंगे। मगर सबकी नजर जम्मू-कश्मीर पर बनी हुई है। वहां परिसीमन का काम पिछले वर्ष ही पूरा कर लिया गया था, जिसमें तीन नई सीटें जुड़ गई थीं। अब वहां भी नब्बे सीटें हो गई हैं। हालांकि परिसीमन को लेकर वहां के राजनीतिक दलों ने गहरा असंतोष व्यक्त किया था और उनका आरोप था कि उनसे सुझाव नहीं लिया गया। मगर अब वह असंतोष थम गया लगता है। किसी भी राज्य को लंबे समय तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से दूर रखने से वहां के विकास कार्यों पर तो बुरा असर पड़ता ही है, नागरिकों का लोकतंत्र पर भरोसा भी कमजोर होने लगता है। दस वर्ष पहले हुए पिछले चुनाव में जब किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था, तो भाजपा से सहयोग से पीडीपी ने सरकार बनाई थी। वह सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई थी। समय से पहले ही महबूबा मुफ्ती ने इस्तीफा दे दिया और वहां राज्यपाल का शासन लगा दिया गया था। उसके एक वर्ष बाद विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांट दिया गया था। अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद से वहां उपराज्यपाल का शासन चला आ रहा है। केंद्र सरकार लगातार दावा करती रही कि वह जल्द वहां चुनाव करा कर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस लौटा देगी। मगर स्थितियां सामान्य न होने के तर्क पर चुनाव टलते रहे। माना जा रहा था कि लोकसभा के साथ ही वहां विधानसभा के चुनाव भी करा लिए जाएंगे, मगर निर्वाचन आयोग ने अलग से चुनाव कराना उचित माना। देर से ही सही, अब निर्वाचन आयोग की परीक्षा है कि वह किस प्रकार वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराता है। कई मामलों में दूसरे राज्यों की अपेक्षा जम्मू-कश्मीर संवेदनशील राज्य है। वहां हर वक्त आतंकी गतिविधियों का खतरा बना रहता है। कई लोगों का मानना है कि अगर विधानसभा चुनाव ठीक से संपन्न होंगे, तो आतंकी गतिविधियों पर विराम लगाने में भी कामयाबी मिल सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह लोगों का उत्साह देखने को मिला, उससे उम्मीद की जाती है कि जम्हूरियत के जश्न में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। निर्वाचन आयोग ने भी ऐसी ही उम्मीद जताई है।

## विभाजन विभीषिका में भारत पहुंची पांच महिलाओं को किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)। 1947 में अंग्रेजों द्वारा भारत विशेष कर विशाल पंजाब प्रांत का बंटवारा करके जिसमें से पाकिस्तान का निर्माण करने के उपरांत हुए भयानक दंगों में लाखों की संख्या में हिंदू एवं सिख समुदाय के लोगों के हुए कत्लेआम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पांच वृद्ध महिलाओं को सम्मानित किया गया । सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर की इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह द्वारा गुरुद्वारा परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिख धर्म की परंपराओं का निर्वाह करते हुए अन्य शहीद भाई मनी सिंह एवं भाई तारू सिंह को भी नमन किया गया । उन्होंने कहा तत्कालीन पंजाब वर्तमान पाकिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों से त्रासदी झेलते हुए अपने परिवार जनों को खोकर अपनी जान हथेली पर रखते हुए जान बचाकर पहुंची पांच वृद्ध महिलाओं को शाल भेंट कर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया गया जिनमें प्रीतम कौर, वीर वाली, प्रकाश कौर ,गुरबचन कौर एवं बलवीर कौर के परिवार की पीड़ा को सुनते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त



किया गया। पीड़ित परिवारों की महिलाओं का कहना था कि अपना घर परिवार छोड़कर खाली हाथ अपने कई परिजनों को गंवाते हुए भारत पहुंचे थे मेहनत मजदूरी करने के उपरांत उनके परिवार के लोगों द्वारा बिना भीख मांगे बिना किसी के आगे हाथ फैलाए मेहनत मजदूरी करते हुए अच्छे मुकाम पर पहुंच कर अपने परिवारों का पालन पोषण किया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन कर रही सेविका समाज सेविका ज्योति अरोड़ा, रश्मि भुसरी द्वारा बुजुर्ग महिलाओं के चरण स्पर्श करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस दौरान हरभजन कौर,गुरमीत कौर,स्वीटी चावला, बेबी,भूपेंद्र कौर, अमरीक सिंह,जगजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## लेडीज डाक्टर के हत्यारोपियों को सख्त सजा दिलाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें कहा गया है कि विगत 8 अगस्त को कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या करने तथा उसके बाद भीड़ द्वारा घटनास्थल पर तोड़फोड़ करने के विरोध को देखते हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा दी



जाए तथा 14 अगस्त को आरजी मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शनकारियों के समीप रहकर उपद्रवियों लोगों ने पूरे अस्पताल में तोड़ फोड़ कर तहस-नहस कर डाला। मरीजों समेत चिकित्सकों के साथ अभद्रता वह मारपीट की।शिवम सिंह ठाकुर ने कहा कि जब कोलकाता जैसे बड़े शहर में इतनी घिनौनी वारदात हो सकती हैं तो और भी जगह हो सकती हैं। देश में बहन बेटियां के लिए कोई भी कानून नहीं बन सका है जिससे वह अपने को महफूज समझ सकें। आज बहन बेटियों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो चुका है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव शरीफ खान, प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण, जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप, जमील कुरैशी, जीतू सागर, सायमा सिद्दीकी, जावेद खान, रोहित दिवाकर, शशि गुप्ता आदि मौजूद थे।

## जातिवाद और वंशवाद की राजनीति

देश की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अब छात्र संगठनों, स्कूल कालेजों और विश्वविद्यालयों से युवा छात्र नेताओं की पौध नहीं तैयार होती है। आम युवा पीढ़ी की भी राजनीति में रूचि घटती जा रही है। यहां तक की देश के आगे ले जाने के लिये होने वाली समसामयिक राजनैतिक चर्चाओं से भी यह दूर रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से इस बात पर चिंता जता कर समाज को आईना दिखाने का काम किया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लाख गैर राजनीतिक युवाओं को जन प्रतिनिधि के रूप में राजनीति में लाने का आह्वान किया। उनको लगता है कि ऐसा करने से जातिवाद और वंशवाद की राजनीति को खत्म करने में मदद मिलेगी। मोदी का यह कहना बिल्कुल सही है कि यह युवा अपनी पसंद की किसी भी पार्टी में शामिल हो सकते हैं, जरूरी नहीं कि कोई एक ही पार्टी हो। पीएम मोदी को यह बात इस लिये कहना पड़ी क्योंकि आज का युवा राजनीति से विमुख हो रहा है। राजनीति के क्षेत्र में नये नवेले जन प्रतिनिधि आयेगें तो इससे निश्चित ही राजनीति का स्तर बढ़ेगा। वह लीक से हट कर राजनीति करेंगे।पीएम ने जो कहा है संभवता देश की भी यही इच्छा है,क्योंकि वह भी परिवारवाद और वंशवाद की रानजीति से ऊब चुका है। यह वह युवा होंगे जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं होगी। उनके (युवाओं के) माता-पिता, भाई-बहन, चाचा-चाची, भतीजे कभी भी किसी भी पीढ़ी में राजनीति में नहीं रहे होंगे तो ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं की सोच भी अलग होगी। यह युवा चाहे पंचायत के लिए या फिर नगरपालिका, जिला परिषद या विधानसभा या लोकसभा के लिये चुनाव लड़े,इससे देश को ही फायदा होगा। सबसे बड़ी बात इससे जातिवाद और वंशवाद की राजनीति से छुटकारा मिलेगा। मौजूदा दौर में बड़े-बड़े राजनीतिक दलों के नेताओं का जैसा व्यवहार दिख रहा है, जिस तरह की भाषा का वह इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे लगता नहीं कि यह नेता राष्ट्र के लिए सुचिंतित और परिपक्व भूमिका निभाने को तैयार हैं। चुनावी अभियान में तो भाषाई मर्यादाएं तार-तार होती होती ही रही हैं।लोकतंत्र के मंदिर में भी यही नजारा देखने को मिलता है। झूठ बोलना और जनता को बरगलाना- भड़काना तो राजनीति की एक जरूरत बन गया है। चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाला राजनीतिक तंत्र जिस तरह चिंतन और सोच के स्तर पर निचले पायदान पर पहुंच गये है, उसकी वजह से यह मान लेने में कोई बुराई नहीं है कि राजनीति में अब सुचिता बेईमानी हो गई है। हमारे नेता यह मानने को तैयार ही नहीं है कि सियासी संग्राम में भाषाई परिपक्वता की कमी को अनदेखा करना चाहिए, लेकिन क्या व्यापक राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी चलताऊ और स्तरहीन रवैया अपनाया जाना चाहिए? तमाम दलों के नेताओं का किसी घटना की निंदा या समर्थन अपनी राजनीति के हिसाब से करना या नहीं करना देश और समाज दोनों के लिये खतरनाक है।समाज के एक वर्ग के साथ अपना जुड़ाव दिखाना और दूसरे वर्ग को उपेक्षित रखना समृद्ध लोकतंत्र की निशानी नहीं है। इसका ताजा नजारा तब देखने को मिला जब बांग्लादेश में लोकतांत्रिक रूप् से चुनी गई शेख हसीना सरकार का सैन्य तख्तापलट हो गया। बांग्लादेश के घटनाक्रम के बाद विपक्षी खेमे में मोदी सरकार के खिलाफ बदजुबानी की जैसे प्रतियोगिता चल निकली। इसमें सबसे खतरनाक बयान उन नेताओं का था जो कह रहे थे कि बांग्लादेश जैसे हालात भारत में भी हो सकते हैं। इन नेताओं का इशारा मोदी सरकार के साथ भी ऐसा ही घटनाक्रम होने का संकेत दे रहा था। सबसे पहले कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद का बयान आया। सलमान खुर्शीद ने कहा कि 'जो बांग्लादेश में हो रहा है, वह भारत में भी हो सकता है।' सलमान खुर्शीद न सिर्फ खानदानी नेता हैं, बल्कि विदेश मंत्री भी रह चुके हैं। इसलिए यह मानने में कोई हर्ज नहीं कि उन्हें कूटनीति की समझ नहीं है। सलमान खुर्शीद के बयान को हल्के



में नहीं लिया जा सकता।इसके बाद तो ऐसे बयानों की बाढ़ ही आ गई। सलमान एक तरह से देश की मौजूदा सरकार को बदलने के लिए बांग्लादेश जैसी अराजक राह सुझा रहे थे। वह भारत के मौजूदा सरकार विरोधी मानस को संदेश दे रहे थे कि इसे भी इसी तरह हटाया जा सकता है। याद कीजिए मणिशंकर अय्यर को। वह पाकिस्तान जाकर वहां के लोगों से मोदी को सत्ता से हटाने में सहयोग की मांग कर चुके हैं। सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने जो बयान दिया, वह भी राष्ट्र की सामूहिक भावना पर चोट करता है। उन्होंने कहा कि अपने तानाशाह को भी याद रखना चाहिए कि जनता ऐसे फैसला लेती है।आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने तो यहां तक कहा कि जो तानाशाही करेगा, उसे देश छोड़कर जाना होगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेता सज्जन सिंह वर्मा ने बयान दिया कि बांग्लादेश की तरह भारत की जनता भी पीएम आवास और गृहमंत्री के आवास में घुसेगी। उद्धव ठाकरे के प्रमुख सिपहसालार संजय राउत ने कहा कि बांग्लादेश में जो हुआ, उससे देश के सत्ताधारी सबक लें। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जैसा हाल हसीना का हुआ, हर तानाशाह का यही हाल होगा। कांग्रेस की प्रवक्ता रागिनी नायक तो मीम बनाकर प्रधानमंत्री मोदी को व्यंग्य में समझाने लगीं कि दोस्त यानी हसीना गईं, अब आप बचकर रहो। वह भूल गईं कि शेख हसीना प्रधानमंत्री मोदी की नहीं, भारत की दोस्त रही हैं। उन्हें लंबे वक्त तक शरण उनकी पार्टी की नेता इंदिरा गांधी ने भी दी थी। यह भी न भूलें कि हाल तक शेख हसीना सोनिया गांधी और राहुल गांधी से भी गर्मजोशी से मिलती रहीं थीं। यह वह नेता हैं जो राजनीतिक रूप से मोदी और उनकी सरकार का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं और जनता भी ऐसे नेताओं को अपना जनप्रतिनिधि चुनने से परहेज करती है।इसीलिये ऐसे तमाम नेता मीडिया या अन्य संचार माध्यमों के द्वारा विवादित बयान देकर सुर्खियां बटोरने की साजिश रचते रहते हैं। यह नेता अपनी राजनीति चमकाने के लिये संवैधानिक सस्थाओं को भी निशाने पर लेने से परहेज नहीं करते है। सबसे खतरनाक खेल यह चल रहा है कि यह लोग पहले तो र्सावजिनक रूप से विवादित बयान देते हैं और जब मानहानि के किसी केस में फंसते हैं तो चुपचाप माफी मांगकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। अपने देश के उद्योगपतियों को नीचा दिखाना, चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा धूमिल करना,देश में अव्यवस्था फैलाने वाली विदेशी संस्थाओं के बयान और रिपोर्ट पर देश को बदनाम करना इनका एजेंडा बन गया है। यहां तक की न्यायपालिका भी इनसे नहीं बची हैं।विपक्षी दलों का एक बड़ा धड़ा मोदी और अमित शाह को तानाशाह बताने का कोई मौका नहीं छोड़ता है। साथ ही उनके खिलाफ बदजुबानी करने का भी अवसर हाथ से जाने नहीं देता। सवाल उठता है कि लोकतांत्रिक तरीके से चुने गये किसी नेता को तानाशाह बताना सही है। फिर मंचों से खुलेआम उसकी कटु आलोचना हो, कई बार वह गाली में तब्दील हो जाये ऐसा दुनिया में अब तक तो नहीं देखा गया है कि तानाशाह की लानत-मलामत की जाए, उसे अशोभनीय भाषा से निशाना बनाया जाए,फिर भी ऐसे आरोपी खुले में घूमते रहे, लेकिन भारत में ऐसा हो रहा है। यह शर्मनाक और निंदनीय दोनों ही है। विपक्षी दलों के नेता बाबा साहब के संविधान को अपना राजनैतिक मोहरा तो बनाते हैं लेकिन वह यह भूल जाते हैं कि राष्ट्र के प्रतिनिधित्व की बात करें या प्रतीक की, केंद्रीय सत्ता को ही संवैधानिक रूप से देश का प्रतिनिधि या प्रतीक माना जाता है। लिहाजा अंतरराष्ट्रीय मामलों पर केंद्र सरकार की राय को ही राष्ट्र की राय माना जाता है। कुछ समय पहले तक अंतरराष्ट्रीय और कूटनीतिक मामलों पर समूचा देश एक जैसी राय रखता था, लेकिन जब से राहुल गांधी,अखिलेश यादव,तेजस्वी यादव जैसे नेताओं ने परिवारवाद की राजनीति की बागडोर संभाली है तब से सियासत का स्तर काफी गिरा है। आम आदमी पार्टी भी इसके लिये ओवैसी जैसे नेता भी कम कसूरवार नहीं है। ऐसा नहीं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले भी विपक्ष के सुर सरकारी सुर से मिलते ही रहते थे, लेकिन कम से कम तमाम दलों के नेता इसे सार्वजनिक रूप से जाहिर करने से बचता था। कुछ मतभेद हुए भी तो उन्हें सीमाओं के अंदर ही दूर कर लिया गया, लेकिन राष्ट्र एक सुर में बोलता रहा, लेकिन अब स्थितियां बदल चुकी हैं। अब सवाल सही-गलत का नहीं विरोध के लिये विरोध करने का होता है। खैर, सत्ता पक्ष को भी इसके लिये क्लीन चिट नहीं दी जा सकती है इसके लिए किंचित दोषी सत्ता पक्ष भी है। क्योंकि अब वह विपक्ष की राय लेना ही उचित नहीं समझती है। होना तो यह चाहिए कि देश और लोकहित में राष्ट्रीय स्तर पर एक राय रखी जाए। अपने राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान किया जाए, लेकिन अब तो जिम्मेदार लोग गालियां तक देने में संकोच नहीं कर रहे हैं। बांग्लादेश का मामला कोई पहला मौका नहीं है, जब सियासत की ओर से स्तरहीन बयानबाजी की गई हो। इजरायल और हमास के आतंकवादियों के बीच जंग में भी यही देखा गया था। जब कट्टपंथियों ने ही नहीं कांग्रेस जैसी राजनैतिक पार्टियों ने भी इसे फिलिस्तीन से जोड़कर मुसलमानों पर अत्याचार बताना शुरू कर दिया था। याद करें कि विनेश फोगाट को अयोग्य ठहरा दिए जाने पर कैसे बचकाने बयान दिए गए। किस राज्य के खिलाड़ियों ने मैडल जीता, किसने नहीं, इसका विवाद खड़ा किया जाता है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के आधार पर सेबी पर उंगली उठाई जाती है। अपने देश के उद्योगपतियों पर हमला बोला जाता है।

**-संजय सक्सेना**

# ये तो प्रेम की बात है ,उधो बंदगी तेरे बस की नहीं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम मे भागवत कथा के छठे दिवस स्वामी नारायण चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने कंस उद्धार, रुक्मणि विवाह, गोपी चरित्र, बलदाऊ विवाह की कथाओं की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जीव और ईश्वर का मिलन ही महारास है। कथा में उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण बलराम भैया मथुरा पहुंचे हैं कुब्जा पर कृपा की है सुदामा माली पर कृपा की है। कंस का उद्धार किया है श्री कृष्ण बलदेव भैया संदीपन मुनि के आश्रम पर गए हैं। शिक्षा ग्रहण करने के लिए ब्राह्मण सुदाम देव से उनके मित्रता होती है आगे गोपी उद्धव चरित्र है। गोपी उद्धव चरित्र के माध्यम से भजन प्रस्तुति हुई। हम प्रेम दीवानी वह प्रेम दीवाना, ये तो प्रेम की बात हैं उधो बंदगी तेरे बस की नहीं... भजनों पर लोग झूम उठे। उसके पश्चात रुक्मणी विवाह तक का प्रसंग स्वामी जी ने अपनी वाणी से भक्तों के सम्मुख रखा। कथा में पहुंचकर भक्तजनों ने स्वामी जी का आशीर्वाद ग्रहण किया। कथा यजमान विनीता सपरा एवम जगमोहन सपरा ने पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की एवम आरती यजमान के रूप में विधायक प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर समाजसेवी , हरविंदर सिंह हारजी, उद्योगपति कुंदन लाल गुप्ता, अशोक अरोड़ा,डंपी चोपड़ा, प्रेम गुप्ता, पवन अग्रवाल, कमल फुटेला, सुभाष खंडेलवाल,विजय फुटेला सहित राजकुमार अरोरा, शकुंतला देवी, गंगा माता, बल्ला माता, रमेश अनेजा, राधा रानी सहित भक्तजनों ने कथा श्रवण किया आचार्य कुल एवम संगीत कुल ने भजनों के माध्यम से भक्तजनों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



## महिलाओं को होना चाहिए आत्मनिर्भर: सीमा

गदरपुर(उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम सरदार नगर निवासी समाजसेवी सीमा अरोरा एवं रेखा नरूला द्वारा कृष्णा उत्पादक समूह के माध्यम से कृष्णा उत्पादक ऑर्गेनि आचार के कार्य का शुभारंभ किया। कार्यालय का शुभारंभ ग्राम प्रधान सिल्की खेड़ा द्वारा फीता काटकर किया गया।ग्राम प्रधान सिल्की खेड़ा ने कहा आज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार विभिन्न माध्यम से



साथ दे रही है और अपनी कार्यशैली ओर प्रतिभा के अनुसार महिलाओ को कार्य कर अपने परिवार ही हिम्मत को बढ़ाना चाहिए।वही रेखा अरोरा ने कहा कि हमारे द्वारा समूह के माध्यम जो अचार बनाने का कार्य किया जा रहा है उसके लिए सबसे बड़ा बढ़ावा बी एम शिखावत ओर अब्दुल सर द्वारा दिया गया है उन्होंने कहा हर प्रकार के अचार के लिए वह जनता की सेवा में तत्पर रहेंगी।इस दौरान सीमा रानी, रेखा नरूला, संगीता रानी, सुनीता खेड़ा सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गणेश महोत्सव के लिए कमेटी का गठन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सुभाष चौक मे गणेश चतुर्थी मे होने वाले श्री गणेश महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष अरविन्द सिंह,उपाध्यक्ष सागर,सचिव मनोज शील,कुंदन नेगी,उपसचिव नारायण विश्वास,रंजन चौधरी कोषाध्यक्ष अंकित मजूमदार संरक्षक सुनील विश्वास,कृष्णो,ओम प्रकाश सक्सेना,गोविंद पोखरिया,उत्तम दास,विधान



दास,विपुल विश्वास, सुजीत विश्वास,अनुप हालदार,अमित सिंह,शिव वर्धन सिंह,हरीश सिंह विष्ट,जगो दास,विक्रम सिंह भंडारी,विट्टू सिंह,रविन्द्र अग्रवाल,माधव मण्डल,विक्की नेगी,विजय सरदार,दीपक शील,मयंक अग्रवाल,गौतम शील,गुड्डू सिंह,जगदीश सिह, राकेश सिंह,कुक्कू मेहरोत्रा,संचालक आनंद सरकार,अर्पित विश्वास,कार्यक्रम संचालक नविन चंद्र जोशी,मनोज शील पुजारी प्राण कुमार,तारक कुमार,अजय कुमार मनोनीत किये गये। सभा को सम्बोधित करते हुये आनंद सरकार ने कहा की 7 सितम्बर को गणेश पूजा व 8 सितम्बर को विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## कोतवाल के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

टनकपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर में कोतवाल द्वारा पत्रकार दीपक शर्मा के साथ की गयी अभद्रता के खिलाफ पत्रकार प्रेस परिषद टनकपुर इकाई के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल को ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में पत्रकारों ने रूद्रपुर कोतवाल मनोहर दसौनी को निलंबित करने की मांग की। ज्ञापन में पत्रकारों ने कहा कि रूद्रपुर कोतवाली में कवरेज के लिए गये पत्रकार दीपक शर्मा के साथ कोतवाल मनोहर दसौनी ने न सिर्फ अभद्रता की बल्कि पूरी मीडिया को भी देख लेने की धमकी दी। कोतवाल का यह व्यवहार लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर कुठाराघात है। ज्ञापन में कोतवाल को तत्काल निलंबित करने की मांग की गयी। पत्रकार प्रेस परिषद टनकपुर इकाई के अध्यक्ष नवीन भट्ट ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोतवाल के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गयी तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में नवीन भट्ट ,पुष्कर मेहर, विनोद जोशी, अमित जोशी,सुरी पंत आदि शामिल थे।



## पेज एक का शेष...

**डाक्टर हड़ताल पर** ..विवेक, डा. ज्योति, डा. शाज मलिक, डा. एमपी तिवारी, डा. यदुराज भट्ट, डा. आरके सिन्हा, डी के जोशी, डा. जुनैद, डा. गुलजिन्दर, गुरमीत सिंह आदि सौकड़ो की संख्या में चिकित्सा स्टॉफ मौजूद थे। वहीं नगर के तमाम निजी चिकित्सालयों के चिकित्सक भी कार्य बहिष्कार पर रहे। जिससे मरीजों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ा। **हल्द्वानी**– कोलकाता में महिला चिकित्सा के साथ हुई रेप और हत्या की घटना के विरोध का असर हल्द्वानी में भी देखने को मिला। आईएमए के आह्वान पर बड़ी संख्या में इस घटना का भारी विरोध किया गया। मेडिकल कॉलेज से लेकर बुद्ध पार्क तक आईएमए के तमाम डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ द्वारा एक विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली गई। जिसमें मेडिकल कॉलेज के कई स्टूडेंट भी मौजूद रहे। सभी ने इस घटना के विरोध में जमकर नारेबाजी की। डॉक्टरों ने घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना ने हमारे देश को शर्मसार किया है और इस घटना को अंजाम देने वाले दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए। आईएमए द्वारा सभी निजी अस्पताल में ओपीडी सेवा को कल सुबह 6 बजे तक के लिए बंद किया गया है। **गदरपुर**– पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर में वरिष्ठ महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या एवं दरिंदगी से रोषित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने प्रभारी डॉक्टर संजीव सरना के नेतृत्व में थाने पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए चिकित्सकों की सुरक्षा की मांग की। चिकित्सकों का कहना था कि सेवा कार्य में जुटे चिकित्सक जब सुरक्षित ही नहीं है तो जनता की सेवा कैसे कर पाएंगे। डॉ अंजनी कुमार का कहना था कि 24 घंटे दिन रात चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ द्वारा चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती हैं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो इसके लिए उनके द्वारा थाने में पहुंचकर गुहार लगाई जा रही है। उन्होंने कहा वरिष्ठ चिकित्सक, स्टाफ नर्स ,एएनएम ,आशा कार्यकर्ती के अलावा ट्रेनर नर्सों द्वारा समय–समय पर चिकित्सा संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो चिकित्सकों के विरुद्ध हो रहे अपराधों से उनमें भी सहम बना हुआ है । इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अंजनी कुमार, डॉ राजीव चौहान ,डॉक्टर प्रशांत चौहान ,डॉक्टर अंजु, डॉक्टर रेखा फार्मासिस्ट अजरा,पंकज जोशी, कश्मीर सिंह, राजेंद्र सिंह, मंजू रानी, बेहतरीन,तृप्ति पाठक,कुंता देवी, मनप्रीत कौर,अनुष्का, सोनिया,विमला ,फातिमा,रामेश्वरी, नीलम रानी,सरिता कश्यप,सुमन रानी,तारा भट्ट,सुमन चतुर्वेदी, सुनीता,शीतल शर्मा,सायरीन, प्रीती रस्तोगी,नीरज, मीनाक्षी, सहित तमाम स्टाफ के लोग मौजूद रहे।**किच्छा**– कलकत्ता में महिला चिकित्सक के साथ अमानवीय कृत्य के बाद हत्या किए जाने के प्रकरण को लेकर के चल रहे स्वास्थ्य विभाग के देशव्यापी कार्य बहिष्कार के तहत सरदार वल्लभ भाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों द्वारा पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया । आपातकालीन ,वीआईपी सेवाओं को कार्य बहिष्कार से अलग रखा गया। प्रात: से स्वास्थ्य केंद्र के सभी कार्य बंद रहे चिकित्सकों के इस कार्य बहिस्कार को मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भी समर्थन देते हुए कार्य से विरक्त रहे।इस कार्य बहिष्कार से मरीज को दिक्कतों का सामना करना पड़ा । सीरियस मरीज को चिकित्सकों द्वारा आपातकालीन सेवाएं दी गई किंतु सामान्य मरीजों के लिए ओपीडी पूर्ण रूप से बंद रही। चिकित्सा संघ डॉ.सी एस टोलिया ने बताया कि कलकत्ता में महिला चिकित्सक के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार और हत्या के दोषियों को फांसी दिए जाने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। मानवता को देखते हुए आपातकालीन सेवाएं व महत्वपूर्ण सेवाएं चिकित्सकों द्वारा दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जब तक महिला चिकित्सक को पूर्ण न्याय नहीं मिल जाता तब तक क्रमवार कार्य बहिष्कार का कार्यक्रम संघठनातमक तरीके से किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के इस कार्य बहिष्कार को जहां चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने अपना सहयोग दिया है वही पैरा मेडिकल , फरमेशिस्ट संघ, के अलावा मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने भी समर्थन देते हुए एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया हुआ है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉक्टर एके दुबे चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी ,डॉक्टर जीबी पंगरिया ,डॉक्टर एलएस मेहता के अलावा प्रदर्शन करने वालों में दर्जनों लोग मौजूद थे।**सितारगंज**– कलकत्ता में महिला रेजीडेंट चिकित्सक के साथ हुई दरिंदगी एवं निर्मम हत्या के विरोध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिकित्सकों, अधिकारियों कर्मचारियों ने 24 घंटे तक कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान चिकित्सालय में ओपीडी एवं अन्य जनरल सेवाएं बंद रही। डॉक्टरों ने सिर्फ आपातकालीन सेवाएं सुचारू रखी। इस दौरान ओपीडी में आने वाले मरीजों को काफी दिक्कतें हुई। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप कौर, डॉ एलएस बृजवाल, डॉ रविन्द्र सिंह, डॉ अतुल कुमार, के एन गोस्वामी, राजनारायण त्रिपाठी, प्रतिभा, रुपिंदर कौर, विवेक बिष्ट, मो यूनिस, महेश शर्मा, मयंक नैलवाल, उबैश आदि उपस्थित रहे।

**साढ़े चार करोड़ की ...**के अलावा आई 20 कार संख्या यूके 04एबी 0040 भी बरामद की है। एएनटीएफ टीम की इस कार्यवाही के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने टीम को 25 हजार रूपये नगद ईनाम देने की घोषणा की है। टीम में निरीक्षक पावन स्वरुप, उप निरीक्षक विपिन चंद्र जोशी, उप निरीक्षक विनोद जोशी, एएसआई जगवीर शरण, मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह, आरक्षी वीरेंद्र चौहान,आरक्षी इसरार अहमद खटीमा पुलिस उपनिरीक्षक प्रियांशु जोशी, आरक्षी महेश रौंकली, ईशपाल आर्या आदि शामिल थे।

**रोडवेज के एजीएम..**नियमानुसार कार्यवाही करते हुये अनिल कुमार सैनी, सहायक महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड परिवहन निगम काशीपुर निवासी निकट प्राइमेरी स्कूल केशवनगर थाना बाजपुर जनपद ऊधमसिंहनगर को सतर्कता अधिष्ठान, सेक्टर हल्द्वानी की टीम द्वारा रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के आवास की खाना तलाशी की जा रही है व उनसे पूछताछ जारी है। अधिकारियों का कहना है कि उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अनुसंधान किया जायेगा। निदेशक सतर्कता डॉ.वी. मुरूगेशन द्वारा ट्रैप टीम को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी है

**पत्रकारिता पर खाकी...**या करें जो हुजूर चाहे। अरे साहब! सबको एक लाठी से मत हांकिए, कुछ लोगों का जमीर अभी जिंदा है। अगर सब लोग एक ही धारा में बहने लगे, तो दबी, कुचली, मजलूम और अनसुनी फरियादों को कौन सामने लाएगा? इसलिए, खातिर जमा रखिए! पत्रकारिता का यह दौर और संघर्ष आगे भी जारी रहेगा...हम तो दर्पण! हैं, चेहरे के दाग दिखाएंगे,जिसे बुरा लगे, सामने से हट जाए।




## बाईक की टक्कर से युवक घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं रम्पुरा में बाईक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। रानी पत्नी स्व. श्रीराम निवासी रम्पुरा वार्ड 24 निकट काली मन्दिर का कहना है कि 16 अगस्त की शाम करीब 4 बजे उसका लड़का प्रेमपाल घर के बाहर खड़ा था तभी तेजी से बिना नंबर की बाइक चला रहे यहीं की निवासी युवक ने उसको बाइक से टक्कर मार दी। युवक के साथ बाइक पर तीन लड़के और बैठे थे। लड़के को टक्कर मारने के बाद ये लड़के मौके से भाग गये। उसका कहना है कि लड़के का दायाँ पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है और गटटे की हड्डी टूट गयी है।सरकारी अस्पताल के डाक्टरों ने लड़के को गंभीर हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रिफर कर दिया है। पहले तो आरोपी युवक की माँ कह रही थी तुम्हारे लड़के का इलाज कराऊंगी लेकिन अब वह अपनी बात से मुकर गयी है। लड़का प्रेमपाल ही घर का खर्चा चलाता है।



## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

किच्छा(उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरा निवासी एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । पुलभट्टा थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शनिवार प्रात: ग्राम बरा निवासी तेजपाल की 18 वर्षीय पुत्री अंजलि की अचानक तबियत खराब हो गयी। आनन फानन परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलभट्टा थाने में तैनात एसआई रिनी चौहान सीएचसी पहुंच गई। रिनी चौहान को परिजनों ने बताया कि अंजलि की तबियत काफी दिन से खराब चल रही थी। डाक्टर ने उसे डायरिया बताया था जिसका उपचार चल रहा था। शनिवार सुबह अचानक तबियत खराब होने से अंजलि की मौत हो गयी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भाई बहन के प्यार में सेतु की भूमिका निभा रहा डाकघर

## रविवार के साप्ताहिक अवकाश पर भी डिलीवर करायी जायेंगी राखियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जहां भाईं अपनी बहनों द्वारा भेजी जाने वाली राखी का बेसब्री से इंतजार करते रहती हैं तो वहीं दूसरी ओर बहनें भी भाईयों को प्यार की राखी भेजने को बेताब रहती हैं। बहनों द्वारा अपने भाईयों को भेजी गई राखियों को समय से पहुंचाने के लिए जिला मुख्यालय के मुख्य डाकघर सेतु की भूमिका निभा रहा है। बहन द्वारा भेजी जा रही राखी सही समय पर भाई के पास पहुंचे इसके लिये रूद्रपुर मुख्य डाकघर के पोस्ट मास्टर प्रवीण बसलियाल अपने अधीनस्थों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में जुटे हुये है। उन्होंने बताया कि डाकघर में आने वाली



राखियों के लिफाफों को भाईयों तक पहुंचाने के लिए विभागीय कर्मचारी जुटे हुये है। सभी डाकमित्रों द्वारा पूरी तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों को पूर्ण किया जा रहा है। जिसके लिये वह सभी भी बधाई के पात्र है। श्री बसलियाल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से प्रतिदिन लगभग 1000 से 1200 राखियों के लिफाफे घरों तक पहुंचाये जा रहे हैं और कल रविवार के साप्ताहिक अवकाश होने बावजूद भी डाक कर्मचारी बहनों द्वारा भेजी गई राखियां भाईयों तक पहुंचायेंगे। श्री बसलियाल ने बताया कि इस वर्ष यहां डाकघर में राखियों के लिए एक हजार वाटरप्रूफ लिफाफे बिक्री के लिए आये थे जिनमें से अधिकांश लिफाफों का विक्रय हो चुका है। उन्होंने बताया कि डाकघर विभाग का यह पूरा प्रयास रहेगा कि हर भाई के पास उसकी बहनों द्वारा भेजी गई राखियां समय से पहुंच जायें और वह भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनायें।

# बिछुड़ी बच्ची को परिजनों से मिलाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव क्षेत्र में अचानक परिजनों से बिछड़ी बच्ची को खोजबीन कर मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने परिजनों से मिला दिया। जानकारी के अनुसार गत दोपहर चौकी मंगल पड़ाव क्षेत्र में बाजार में एक बच्ची घूमती हुई नजर आई। मंगल पड़ाव चौकी से उस समय ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड विजय राम ने बच्ची से उसके परिजनों के बारे में जानकारी की तो उसने बताया कि वह अपने माता-पिता से बिछुड़ गई है। दिनेश चंद्र



जोशी, प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव के नेतृत्व में होमगार्ड विजय ने ऑटो में बैठकर क्षेत्र में घूमकर नाबालिक के माता-पिता की खोजबीन की तो इसके माता पिता रोडवेज पर खड़े मिले। बच्ची के परिजनों को चौकी मंगलपड़ाव लाकर बच्ची को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

# नर्स हत्याकांड के खिलाफ सड़कों पर उतरे कालेज के छात्र,एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के एक निजी चिकित्सालय में कार्यरत नर्स से रेप व उसकी हत्या के विरोध में आज सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के भारी संख्या में छात्र छात्राओं ने दोषियों को फांसी की सजा देने व घटना की सीबीआई जांच कराकर सही खुलासा करने की मांग को लेकर महाविद्यालय से शांति मार्च निकाला। जो मुख्य मार्गो से होकर गुजरता हुआ एसएसपी कार्यालय पहुंचा । मार्ग में रोषित छात्र छात्राओं द्वारा एक निजी चिकित्सालय के समक्ष नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारी कर्मियों के साथ मौके पर पहुचे और रोषित छात्रों को शांत कराया। एसएसपी कार्यालय पहुंचकर छात्र छात्राओं ने एसएसपी को ज्ञापन सौपा। विद्यार्थियों का कहना था





कि नगर के एक निजी चिकित्सालय में काम करने वाली नर्स के लापता होने की शिकायत पुलिस से की गई थी। लेकिन पुलिस उसका कोई पता नहीं लगा पाई घटना के कई दिन पश्चात नर्स का शव का डिब डिबा मार्ग पर कंकाल बरामद किया गया था। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करने महज औपचारिका की है। उसका आरोप है पुलिस ने जिस आरोपी को गिरफ्तार बताया है वह नशेड़ी है उसका इस मामले से कोई लेनादेना नहीं है। पुलिस वास्तविक हत्यारों को बचाने का प्रयास कर रही है। जिसके किसी भी रूप में बर्दाशत नहीं किया जायेगा। निजी चिकित्सालय पर प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एसएसआई अशोक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे औरउन्होंने रोषित छात्रों को शांत कराया। इस दौरान मौ. असलम, आरती मेहता, मोहित शर्मा, रिया मेहता, धर्मेन्द्र सैनी, गणेश भट्ट, रजत बिष्ट, करन यादव, सुमित गंगवार, अभिषेक चन्द्रा, सागर रावत, रजत विश्वास, उदय सोराड़ी, निखिल भारद्वाज, अक्षित छावड़ा, अंकित गिरी, अमित मंडल, कोमल, नीलाक्षी टम्टा, विशाल सिंह, शिवम यादव, फैजान मंसूरी, विकल्प कुमार, मौ. कैफ, मौ. अरबाज, हरजिन्दर सिंह, कमल चन्द्र जोशी, चंदन भट्ट, दीपक सिंह, प्रकाश दास आदि मौजूद थे।

# दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस परेड में शामिल हुई शक्तिफार्म की दो छात्राएं

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। नगर के महाविद्यालय केशव सूर्यमुखी कॉलेज ऑफ एजूकेशन शक्तिफार्म से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किला दिल्ली में प्रात: कालीन परेड हेतु छात्रा निकिता डाकुआ एवं मुन्नी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की राष्ट्रीय दल के साथ प्रतिभाग किया । जिससे दोनों छात्राओं को भारत सरकार की तरफ से प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुए हैं। इस सफलता के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार दास सहित विधायल परिवार ने दोनों छात्राओ को शुभकामनाएं दी है।



# नर्स की हत्या के मामले में यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

गदरपुर( उद संवाददाता)। शनिवार को यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के नेतृत्व में मृतक नर्स के परिजनों ने तहसीलदार लीना चंद्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा और सी बी आई जांच की मांग की। शनिवार को यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के नेतृत्व में कांग्रेस टीम सहित मृतक नर्स के परिजनों ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया और पुलिस मुर्दाबाद,न्याय दो के नारे लगाए । सुमित्तर भुल्लर ने बताया कि मृतक तस्लीम जहां को न्याय मिलना चाहिए। परिजनों का आरोप है पुलिस ने गलत खुलासा किया है और सी बी आई से जांच कर सही खुलासे की मांग की है । वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार उत्तराखंड में फेल नजर आ रही है। पूरी



कांग्रेस टीम पीड़ित परिवार के साथ है वही आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि तस्लीम जहां को न्याय मिलना चाहिए। आम आदमी पार्टी भी पीड़ित परिवार के साथ है। मो शादाब ने कहा कि वह शुरू से ही जब घटना हुई तब से सक्रिय रूप से पीड़ित परिवार के साथ हर जगह जा रहे हैं। इन्हे न्याय मिलना चाहिए और मामले की सी बी आई जांच होनी चाहिए। इस दौरान प्रशांत सिंह,सुभाष व्यापारी,समीर अहमद, शानू, आकाश दीप, गुरबाज सिंह,सत्यम सिंह,अकील सैफी, शाकिर अली,सलीम बाबा, फैसल परिजन में नफीस, बेटा रफीक आदि लोग मौजूद रहे।

